कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर-342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब-साईट jodhpurjda.org Phone No 0291-2612086/265635-7 Fax 0291-2612086

क्रमांकः F37(3)/नि.आ./बीपीसी(एल.पी.)/का.वि./2023/ 503 दिनांकः- 26/12/2023

-:कार्यवाही विवरणः-

विषयः- भवन मानचित्र समिति जोन-4 (ले-आउट प्लान) की 34/2023 की बैठक दिनांक 14.12.2023 को आयुक्त महोदय, जोविप्रा, जोधपुर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, इसमें प्रस्तुत एजेण्डा पर विचार विमर्श किया जाकर निम्नवत निर्णय लिये गये। उपस्थित सदस्यों का विवरण परिशिष्ट-"1" पर है।

एजेण्डा संख्या 01 :-

विषयः- भवन मानचित्र अनुमोदन समिति (ले-आउट प्लान) की जोन-4 की 31/2023 वीं बैठक दिनांक 05.10.2023 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।

निर्णयः- **समिति द्वारा विचार-विमर्श उपरांत गत बैठक के कार्यवाही विवरण की सर्वसम्मति से पुष्टि की गयी।**

एजेण्डा संख्या 02. :-

बैठक दिनांक	जोन	राजस्व ग्राम	खसरा संख्या	रकबा	प्रयोजन
14.12.2023	जोन-4	गंगाणा	95/1	05.00.00	आवासीय योजना
आवेदक	श्री मोहनराम पुत्र श्री भैराराम				
विषयः-	राजस्व ग्राम गंगाणा के खसरा संख्या 95/1 में रकबा लगभग 05.00.00में आवासीय योजना में संशोधन बाबत्।				
निर्णयः-	**समिति द्वारा एजेण्डा व पत्रावली का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा निम्न तथ्य नोट किये गयेः-** • राजस्व ग्राम गंगाणा के खसरा संख्या 95/1 रकबा 05.00.00 बीघा का आवासीय प्रयोजनार्थ ले-आउट प्लान जेड.एल.सी बैठक दिनांक 23.08.2013 द्वारा अनुमोदित किया गया था। अनुमोदित ले-आउट प्लान में कुल 11 आवासीय भूखण्ड के साथ 60 फीट सडक व सड़क के सहारे खुला क्षेत्र की पट्टी प्रस्तावित है। उक्त खुला क्षेत्र की भू-पट्टी का आकार पतला एवं लम्बा होने के कारण Usable Space नहीं हैं। • अनुमोदित योजना में प्रस्तावित खुला क्षेत्र के पश्चिम दिशा में खसरा संख्या 95/2 से 95/10 की भूमि स्थित है। • खसरा संख्या 95/1 में आरक्षित खुला क्षेत्र की भूमि में से खसरा संख्या 95/2 से 95/10 को 60 फीट सडक से पहुँच मार्ग उपलब्ध करवाने हेतु आवासीय प्रयोजनार्थ आंवटन चाहे जाने पर उपायुक्त पश्चिम द्वारा खसरा संख्या 95/4 की 234.44 वर्गगज (Usable Space in Rectangular shape) भूमि को पार्क/खुला क्षेत्र हेतु प्राधिकरण के हक में जरीये पंजीबत् लिखित समर्पणनाम दिनांक 22.09.2020 द्वारा समर्पित करवा दी गयी है। • अनुमोदित योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या के-1 से के-11 के भूखण्ड स्वामियो द्वारा खसरा संख्या 95/4 की भूमि को खुला क्षैत्र के रूप में उपायुक्त पश्चिम के द्वारा समर्पित करवाने की कार्यवाही उपरान्त खसरा संख्या 95/1 की खुला क्षेत्र की भू-पट्टी को खसरा संख्या 95/2 से 95/10 को 60 फीट				

.	सडक से पहुँच मार्ग उपलब्ध कावाने हेतु उक्त भू–पट्टी को आवासीय प्रस्तावित करने की सहमति प्रस्तुत की हैं। **उपरोक्त तथ्यो के परिप्रेक्ष्य में समिति द्वारा बाद विचार–विमर्श खसरा संख्या 95/1 में प्रस्तावित खुला क्षेत्र भू–पट्टी को जोन उपायुक्त द्वारा खसरा संख्या 95/4 की भूमि को प्राधिकरण हक में खुला क्षैत्र हेतु समर्पित करवाये जाने के परिप्रेक्ष्य में खसरा संख्या 95/1 के ले–आउट प्लान में दर्शित खुला क्षैत्र भू–पट्टी को आवासीय दर्शाते हुए ले–आउट प्लान संशोधन करने का निर्णय लिया गया।**

उक्त कार्यवाही विवरण सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

18/12/2023
उप नगर नियोजक (द्वितीय)
एवं सदस्य सचिव
भवन मानचित्र अनुमोदन समिति (एल.पी.)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांकः F37(3)/नि.आ./बीपीसी(एल.पी.)/का.वि./2023/ 503-508 **दिनांकः–** 20/12/23
प्रतिलिपी :– निम्न को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

01. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
02. निजी सचिव, सचिव महोदय, जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
03. निदेशक (अभियांत्रिकी/आयोजना), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ।
04. उपायुक्त (जोन–4), जो.वि.प्रा., जोधपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
05. एसीपी/एनआईसी शाखा को भेजकर लेख है कि इसे जो.वि.प्रा. की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

18/12/2023
उप नगर नियोजक (द्वितीय)
एवं सदस्य सचिव
भवन मानचित्र अनुमोदन समिति (एल.पी.)
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

परिशिष्ट–"1"

भवन मानचित्र समिति जोन–4 (ले–आउट प्लान) की 34/2023 की बैठक दिनांक 14.12.2023 को आयुक्त महोदय, जोविप्रा, की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित हुई, बैठक में उपरिथति निम्नवत थीः–

1. डॉ. हरीतिमा, कार्यवाहक आयुक्त व सचिव, जो.वि.प्रा. जोधपुर। — अध्यक्ष
2. श्री महेन्द्र चौधरी, निदेशक (आयोजना), जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य
3. श्री महेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक (अभियांत्रिकी), जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य
4. श्री श्रवण सिंह राजावत, उपायुक्त (जोन–4) जो.वि.प्रा. जोधपुर — सदस्य
5. श्री गणपत लाल सुथार, उप नगर नियोजक, जो.वि.प्रा. जोधपुर। — सदस्य सचिव

18/12/2023
उप नगर नियोजक (द्वितीय)
एवं सदस्य सचिव